The Annual Report of the Company including the Notice convening the AGM of the Company was sent through electronic mode to all the Members whose email IDs are registered with the Depository Participant(s)/Company's Registrar & Share Transfer Agents, Purva Sharegistry (India) Pvt. Ltd, Remote E-voting (voting on resolutions proposed at the AGM through electronic mode):

Pursuant to Section 108 of the Companies Act, 2013 and Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, the Company is pleased to provide remote e-voting facility to its Members enabling them to cast their vote electronically for all the resolutions as set in the AGM Notice dated 05th September, 2026. The Company has availed the remote e-voting services as provided by Central Depository Services Limited (CDSL). Mrs. Vishakha Agrawal, Practicing Company Secretary, Indore, has been appointed as Scrutinizer for conducting the e-voting process in fair and transparent manner. The voting period begins at 9.00 A.M (IST) on Saturday, 26th September, 2026 and ends at 5.00 P.M (IST) on Monday, 28th, September, 2026. During this period, Members of the Company whose name appears in the Register of Members/Beneficial Owners as on the cut off date i.e. Tuesday, 22nd September, 2026 may cast their vote electronically. Once the vote on resolution(s) is cast by Member, the Member shall not be allowed to change it subsequently. The remote e-voting module shall be disabled by CDSL for voting thereafter.

Any person, who become Member of the Company subsequent to the sending of email/dispatch of Annual Report and their names appear in the Register of Members/Beneficial Owners as on the cut off date can attend the AGM through Video Conferencing (*VC")/Other Audio Visual Means ('OAVM') and send a requisition quoting Folio No./DP-ID-Client ID for obtaining copy of the Notice and Annual Report, to the Registered Office of the Company or RTA, Purva Sharegistry (India) Pvt. Ltd, The Members are requested to follow the instructions given in Note the Notice of AGM to get the login ID & Password for remote e-voting.

Members who cast their votes electronically shall not be allowed to vote again at the AGM. However, in case a Member, who has cast his vote electronically, can attend the AGM through Video Conferencing (*VC")/Other Audio Visual Means ('OAVM'). The Notice of AGM is available on the website of the Company viz., www.sylphtechnologies.com and also on website of CDSL www.cdslindia.com. In case of queries/grievances with regard to e-voting, you may refer the Frequently Asked Questions("FAQ") and e-voting manual available at evoting @cdslindia.com or CDSL's toll free member 180022 55 33 for any information or clarification regarding E-voting.

By Order of the Board
For, Sylph Industries Limited
Sd/-
Sunil Amarchand Kalal
Director
DIN: 08296976

Place: Indore
Date: 07th September, 2026

SHRIRAM Finance

SHRIRAM FINANCE LTD.

Register Office :- Sri Tower, Plot No.14A, South Phase, Industrial Estate, Gunindy, Chennai– 600032. Tamil Nadu. India|Tel:+91-44-48524666.
Administration Office: - 6th Floor (Level-2)Building No.Q2, Aurum Q Park, Gen 4/1 TIC, Thane Belapur road, Ghansoli, Navi Mumbai-400710, Maharashtra. Tel-022-40957575..
Regional Office :- Plot No 48, 2nd Floor Mp Nagar Zone-2 Bhopal-462011.
Branch Address :- 58/4, R S BHANDARI MARG, 1ST FLOOR, ABOVE PNB BANK, NEAR SHELBY HOSPITAL RACE COURSE ROAD, INDORE MP 452003.

POSSESSION NOTICE

For Immovable Property Rule 8 (1).

Whereas the undersigned being the Authorized officer of the Shriram Finance Limited (Formerly known as Shriram City Union Finance Ltd.) under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act - 2002. and in exercise of Powers conferred under section13(2) read with rule 8 of the Security Interest (Enforcement) Rules 2002,issued a Demand Notice dated **11/06/2026** calling upon (Borrower/MortgagorNo **-1) M/S MOBILE SHOPPE PROPRITER MR. AAMIR NIZAMUDDIN QURESHI S/O WAHID NOOR QURESHI, (Guarantor-1) RUKASANA BEE C/O WAHID NOOR QURESHI, (Guarantor-2) AYSHA C/O AAMIR NIZAMIDDIN QURESHI (Guarantor-3) MOHHMED ASIF KHAN S/O MUSTKIN KHAN (Loan Account No – CDINDTF2201290001)** to repay the amount mentioned in the notice being **Rs. 43,95,498/- (Rupees Forty Three Lakh Ninety Five Thousand Four Hundred Ninety Eight)** within 60 days from the date of receipt of the said notice. The Borrower & Guarantors having failed to repay the amount, notice is hereby given to the Borrower/ Guarantors and the public in general that the undersigned has taken possession of the property described here in below in exercise of powers conferred on him / her under Section 13(4) of the said Act read with Rule 8 of the said rules on this 02nd day of September of the year 2026.

The Borrower / Guarantor in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of the (Shriram Finance Limited) (Formerly known as Shriram City Union Finance Ltd.) for an amount of **Rs. 43,95,498/- (Rupees Forty Three Lakh Ninety Five Thousand Four Hundred Ninety Eight)** and interest thereon.

DESCRIPTION OF THE IMMOVABLE PROPERTY

1. Immovable Property i.e. All that piece and parcel of RCC Construction admeasuring area 204.46 Sq. Mtrs. (G.F + F.F), constructed on land admeasuring 102.23 Sq. Mtrs. out of total land admeasuring area 139.40 Sq. Mtrs., bearing Plot no. 169, House/Property ID. 1004059872 of Mouza/Gram – Khajrana, situated at Ward No. 39, Zone No. 10, South Shershah Suri Nagar, within the limits of Nagar Nigam Indore, Tehsil & District Indore, and which is **bounded by towards as follows:- On or towards East side -** House No. 168, **On or towards West side** - Road, **On or towards South side** - Other Land, **On or towards North side** - Remaining portion of this plot

2. For Any Query of Full and Final Settlement, please Contact- **Mr. Nitin Guha (Mobile No.9827381065) Authorized officer, Mr. Shailendra Kayat (Mobile No – 9926668801) Mr. Anis Shaikh (Mobile No – 8888180008), or Mr. Vijay Agle (Mobile No.9850036090).Shriram Finance Ltd (Formerly Known as Shriram City Union Finance Ltd.)**

Date:-02/09/2026
Place: INDORE.

Authorized Officer
Shriram Finance Limited.
(Formerly known as Shriram City Union Finance Ltd.)

smc finance

Moneywise Financial Services Pvt. Ltd., www.smcfinance.com
Heading Address: 11-6B, Shanti Chambers, Pusa Road, New Delhi - 110005
Ph No.: +91-11-30111000 | Email: nbfccare@smcfinance.com

DEMAND NOTICE

UNDER THE PROVISIONS OF THE SECURITIZATION AND RECONSTRUCTION OF FINANCIAL ASSETS AND ENFORCEMENT OF SECURITY INTEREST ACT, 2002 ("the Act") & THE SECURITY INTEREST (ENFORCEMENT) RULES, 2002 ("the Rules")

The undersigned being the Authorized Officer of **Moneywise Financial Services Pvt Limited (SMC)** under the Act and in exercise of the powers conferred under Section 13(12) of the Act read with Rule 3 issued Demand Notice(s) under Section 13(2) of the Act, calling upon the following borrower(s) to repay the amount mentioned in the respective notice(s) within 60 days from the date of receipt of the said notice. The undersigned reasonably believes that borrower(s) is/are avoiding the service of the Demand Notice(s), therefore the service of notice is being effected by affixation and publication as per Rules. The contents of Demand Notice(s) are extracted herein below:

Sr No	Name of the Borrower/Co-Borrowers Property Holders as the case may be	Date of Demand Notice u/s 13(2) & Total O/s.
1	**Loan Account No. LA00044 M/s R G Construction (Borrower) A Proprietorship Firm Through it's Proprietor Mr. Ram Govind - 1. Mr. Anuj Agnihotri (Co-Borrower) 2. Mrs. Asha (Co-Borrower) Having address at:** R/o Farhadpur, Nutani Mohan, Unnao, Uttar Pradesh-209801 **Also at:** House No-625, Bal Sainik, Vidhalaya, Badanpur Auraiya, Uttar Pradesh-206122 **Also at:** Ward No-35, Kailash Tukij Ke Samene, Gird, Gwalior, Madhya Pradesh-474001 **Also At:-** Flat No- S 303 on Second Floor, Plot No-6, 7 & 8, Ward No-4, Krishna Apartment, Block No-T, Sadashiv Nagar, Galav Nagar, Gatampur, Gwalior Madhya Pradhesh **Also At:-** 361, Nai Basti, Bramha Nagar, Auraiya,Uttar Praesh- 206122	**Demand Notice Dated-** 01/09/2026 **Rs. 24,36,578/-** (Rupees Twenty Four Lakhs Thirty Six Thousand Five Hundred and Seventy Eight Only) as on 21/08/2026. **NPA Date:** 31/07/2021

Description of Security Assets/Mortgage Property :- Flat No- S 303 Measuring 803 Sq.ft I.e. 74.35 Sq.ft On Second Floor, Plot No- 6, 7 & 8, Part Of Survey No 18,19,22, 23,166,167,168,169 And 176 Village Gatampur, Ward No-4, Krishna Apartment, Block No-T, Sadashiv Nagar, Galav Nagar, Gatampur, Gwalior Madhya Pradhesh. East : Flat No S-302, West : Plot No 09, 10 And 11, North : Below Colony Road, South : Lift Lobi Then Flat No S-304

The borrower(s) are hereby advised to comply with the Demand Notice(s) and to pay the demand amount mentioned therein and herein above within 60 days from the date of this publication together with applicable interest, additional interest, bounce charges, cost and expenses till the date of realization of payment. The borrower(s) may note that **Moneywise Financial Services Pvt Ltd** is a secured creditor and the loan facility availed by the Borrower(s) is a secured debt against the immovable property/properties being the secured asset(s) mortgaged by the borrower(s). In the event borrower(s) are failed to discharge their liabilities in full within the stipulated time, Moneywise shall be entitled to exercise all the rights under section 13(4) of the Act to take possession of the secured asset(s) including but not limited to transfer the same by way of sale or by invoking any other remedy available under the Act and the Rules thereunder and realize payment. Moneywise is also empowered to ATTACH AND/OR SEAL the secured asset(s) before enforcing the right to sale or transfer. Subsequent to the Sale of the secured asset(s), Moneywise also has a right to initiate separate legal proceedings to recover the balance dues, in case the value of the mortgaged properties is insufficient to cover the dues payable to the Moneywise. This remedy is in addition and independent of all the other remedies available to Moneywise under any other law.

The attention of the borrower(s) is invited to Section 13(8) of the Act, in respect of time available, to redeem the secured asset(s) and further to Section 13(13) of the Act, whereby the borrower(s) are restrained / prohibited from disposing of or dealing with the secured asset(s) or transferring by way of sale, lease or otherwise (other than in the ordinary course of business any of the secured asset(s), without prior written consent of Moneywise and noncompliance with the above is an offence punishable under Section 29 of the said Act. The copy of the Demand Notice is available with the undersigned and the borrower(s) may, if they so desire, can collect the same from the undersigned on any working day during normal office hours.

You may contact Mr. Pradeep Singh, Authorised Signatory or Mr. Amit Mishra, Reconciliation & Collections Head of Moneywise at 11/6-B, Second Floor, Shanti Chambers, Pusa Road, New Delhi 110005, through Contact No. +91 7678299535 / +91 9999078663 respectively or E-mail at Pradeepsingh@smcfinance.com or amitmishra@smcfinance.com.

Date: 07.09.2026 **Authorized Officer, Moneywise Financial**
Place: Madhya Pradhesh **Services Pvt. Ltd.**

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा ग्रामीण धार की जिला कार्यशाला एवं जिला बैठक संपन्न

मनावर से बसन्त जखमी,(इंदौर समाचार) प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल एवं राष्ट्र सेवा को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला धार (ग्रामीण) की जिला कार्यशाला एवं जिला बैठक का आयोजन मनावर स्थित पाटीदार धर्मशाला में किया गया कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन तथा वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ..!





कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रभारी राधेश्याम यादव, धर्मपुरी विधायक कालूसिंह ठाकुर, धार जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेड़ा एवं भाजपा ग्रामीण धार जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार सहित मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला प्रभारी राधेश्याम यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों, संगठन की भूमिका तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन एवं राष्ट्र सेवा के संबंध में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यशाला को वर्चुअल माध्यम से धार जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी संबोधित किया। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। भाजपा ग्रामीण धार जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्रामीण धार जिले में 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का क्रियान्वयन जिले के सभी मंडल केंद्रों तक किया जाएगा इसके लिए विधानसभा स्तर पर प्रभारी एवं सह-प्रभारी का गठन भी किया गया है। बैठक में जिले की वर्तमान संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का स्वागत भाषण विनोद शर्मा ने दिया। संचालन जिला उपाध्यक्ष राकेश मोटसरा ने किया तथा आभार अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरज बालेश्वर ने व्यक्त किया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ। तकनीकी कार्य का वीडियो कॉन्फ्रेंस अंकित शुक्ला ने किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर सिंघाना ,सह मीडिया प्रभारी अंकित शुक्ला ने बताया कि कार्यशाला में जिला प्रभारी राधेश्याम यादव, जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार, पूर्व सांसद छतरसिंह दरबार, पूर्व विधायक रंजना बघेल, विधायक कालूसिंह ठाकुर, पूर्व विधायक मुकामसिंह किराड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेड़ा, जिला पंचायत सदस्य शिवराम कन्नीज, अजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र बघेल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश धाडीवाल, मोहन भायल, विनोद शर्मा सहित सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष मोहन आर्य, हीरालाल बजवासी, लालसिंह बर्मन, धीरज बालेश्वर, उज्जवल सोलंकी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी एवं भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।



आज टांडा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन, हरी झंडी दिखाकर होगा रेल सेवा का आगाज

टांडा(धार)- आज 8 सितंबर टांडा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन होगा, जब पहली बार नियमित यात्री रेल सेवा व नवीन रेल खंड का लोकार्पण किया जाएगा। करीब दो-तीन वर्ष पूर्व जब टांडा क्षेत्र में रेल आने की चर्चाएं शुरू हुई थीं, तब 60-70 वर्ष की उम्र पार कर चुके बुजुर्ग अक्सर कहते थे कि शायद उनके जीवनकाल में टांडा की धरती पर रेल की छुक-छुक सुनने का सपना पूरा नहीं हो पाएगा। लेकिन क्षेत्रवासियों की लंबी प्रतीक्षा, जनप्रतिनिधियों के प्रयास और रेलवे की तैयारियों के बाद अब वही सपना साकार होने जा रहा है। जानकारी के अनुसार आज लगभग 12 बजे बड़ोदरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। कार्यक्रम पश्चात प्रतापनगर-टांडा रोड की नई मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रेल सेवा का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर टांडा रोड रेल्वे स्टेशन पर 11:00 बजे से कार्यक्रम से प्रारंभ हो जाएगा जहां वंदे मातरम, शिव तांडव सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर टांडा रोड रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहकर मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। बताया जा रहा है की इस दौरान प्रधानमंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री सहित कुछ लोगो से भी चर्चा कर सकते है। प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम को 4 बड़ी एलईडी के माध्यम से दिखाया जाएगा। इसके लिए रेलवे विभाग द्वारा टांडा रोड स्टेशन पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटे हुए हैं। बुजुर्गों द्वारा वर्षों पहले देखे गए रेल के सपने की आज टांडा की धरती पर 'छुक-छुक' की आवाज के साथ नई शुरुआत होगी।



सेल्दा प्लांट से मनावर तक सड़क पर राख़ड़ की सफेद परत

वाहनों से गिर रही राख़ड़, उड़ती धूल से दोपहिया वाहन चालक और राहगीर परेशान

इंदौर समाचार सेवकराम चौबे -कसरावद। सेल्दा प्लांट से राख़ड़ भरकर निकलने वाले वाहनों के कारण प्लांट से मनावर तक सड़क पर जगह-जगह राख़ड़ फैलने की शिकायत सामने आ रही है। वाहनों से रास्ते में गिर रही राख़ड़ सड़क पर जमा होकर सफेद परत का रूप लेती जा रही है। वाहन गुजरने के दौरान यही राख़ड़ उड़कर धूल का गुबार बन रही है, जिससे राहगीरों और विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के कई हिस्सों में राख़ड़ बिखरी नजर आ रही है। तेज रफ्तार वाहनों के गुजरने पर राख़ड़ हवा में उड़ती है, जिससे सड़क पर चलने वाले लोगों को आंखों और सांस से जुड़ी परेशानी होने की आशंका बनी रहती है। साथ ही सड़क पर दृश्यता प्रभावित होने से दुर्घटना का खतरा भी बढ़ सकता है।

वाहनों की ढुलाई व्यवस्था पर उठे सवाल-स्थानीय लोगों का कहना है कि राख़ड़ का परिवहन करने वाले वाहनों में यदि उचित ढंग से ढककर सामग्री का परिवहन किया जाए और सड़क पर गिरी राख़ड़ की नियमित सफाई कराई जाए तो समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। लोगों ने संबंधित विभाग और प्लांट प्रबंधन से सड़क की सफाई कराने तथा राख़ड़ परिवहन के दौरान नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग और प्लांट प्रबंधन इस समस्या को लेकर कब ठोस कदम उठाते हैं और राहगीरों को उड़ती राख़ड़ से राहत मिलती है।

जनसेवा से जनभागीदारी तक पहुंचेगा 'सेवा संकल्प अभियान'– मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय

धार में भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित





धार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को धार नगर के जेएमडी गार्डन में भाजपा की जिला स्तरीय 'सेवा संकल्प अभियान' कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय रहे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने की।

कार्यशाला में धार विधायक नीना वर्मा, सेवा संकल्प अभियान जिला संयोजक मनोज सोमानी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप पटोदिया व प्रभु राठौड़, पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया व मुकमसिंह निगवाल, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राजेश अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री राकेश पटेल व देवेंद्र सोनोने, अभियान जिला टोली के सह संयोजक ममता जोशी, जीवन रघुवंशी, अंकित भावसार आदि अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र का पूजन एवं माल्यार्पण कर किया गया। जिलाध्यक्ष महंत नीलेश भारती ने स्वागत भाषण देते हुए 'सेवा संकल्प अभियान' की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह अभियान जनसेवा और जनभागीदारी को समर्पित है। अभियान के दौरान विभिन्न सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज के अलग-अलग वर्गों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। वैश्विक स्तर पर भारत की ताकत और प्रभाव लगातार बढ़ा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे 'सेवा संकल्प अभियान' को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रियता से जुटें तथा सेवा कार्यों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। सेवा, संगठन और जनसंपर्क के माध्यम से अभियान को व्यापक रूप दिया जाएगा।

योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी : विजयवर्गीय- कार्यशाला को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के कार्यकाल में आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के कल्याण को केंद्र में रखकर अनेक जनहितैषी योजनाएं संचालित की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों परिवारों का पक्के मकान का सपना साकार हुआ है। वहीं आयुष्मान भारत योजना ने जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है तथा पात्र हितग्राहियों को निशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है। विजयवर्गीय ने कहा कि सरकार की योजनाएं केवल सीमित न रहें, बल्कि उनका वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना जरूरी है। शहर से गांव और गांव से टोले-मजरे तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को निभानी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों से संपर्क करें, उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी दें और योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। जनसेवा के माध्यम से संगठन और सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना ही कार्यकर्ताओं का प्रमुख दायित्व है। सेवा संकल्प अभियान के जिला संयोजक मनोज सोमानी ने बताया कि भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। अभियान के तहत स्वच्छता, स्वास्थ्य, रक्तदान, जनजागरूकता, सामाजिक सेवा, लाभार्थी संपर्क, युवा एवं महिला सहभागिता सहित विभिन्न जनसेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा कार्यों के माध्यम से पहुंच बनाना और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रमुख रूप से यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें आशीर्वाद का दीया,सेवा चित्र ड्राइंग प्रतियोगिता, सेवा स्मरण, आंगन का मिलन, कहानी बदलाव की, सेवा ज्योति यात्रा, वडनगर से वारणसी सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, सेवा के रंग, इन्वेावेशन चैलेंज, जन सेवा का महाकुंभ पंचायत से पार्लियामेंट, 25 साल 25 कहानी सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन सभी कार्यक्रम निमित मंडल स्तर की टोली और अभियान प्रभारी बनाए गए है।

कार्यशाला को धार विधायक नीना वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन जीवन रघुवंशी ने किया तथा आभार जिला टोली सह संयोजक ममता जोशी ने माना। कार्यशाला में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, टोली सदस्य एवं अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यशाला का समापन वंदे मातरम् गायन के बाद हुआ। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा व सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी।

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

नेशनल लोक अदालत, प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

शाजापुर। जिला मुख्यालय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती आनंद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के उपरांत नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बैठक में जिला मुख्यालय शाजापुर के न्यायाधीशगण प्रत्यक्ष रूप से तथा तहसील मुख्यालय शुजालपुर के न्यायाधीशगण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी ने बैठक में नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर निराकरण कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने न्यायाधीशगण को निर्देशित किया कि अपने-अपने न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों की समीक्षा कर अधिक से अधिक प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के लिए चिन्हित किया जाए तथा संबंधित पक्षकारों को समझाइश देकर आपसी सहमति से प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित प्रकरणों में पक्षकारों को समय पर नोटिस जारी किए जाएं तथा संबंधित



थानों के माध्यम से उनकी तामीली सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही प्री-सिटिंग एवं क्लेम प्री-सिटिंग आयोजित कर पक्षकारों के मध्य सुलह-समझौते के प्रयास किए जाएं, जिससे नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण हो सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती नमिता बोरासी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत अधिनियम से संबंधित प्रकरण, वैवाहिक एवं भरण-पोषण संबंधी मामले, सिविल एवं राजस्व प्रकरण सहित अन्य राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त भू-अर्जन, श्रम विभाग, बीएसएनएल, जलकर सहित विभिन्न विभागों से संबंधित पी-लिटिगेशन प्रकरण भी नेशनल लोक अदालत में रखे जाएंगे। बैठक में विद्युत अधिनियम से संबंधित प्रकरणों में शासन एवं संबंधित विभाग द्वारा नियमानुसार उपलब्ध कराई जाने वाली छूट के संबंध में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि पात्र पक्षकार निर्धारित शर्तों के अनुसार नेशनल लोक अदालत में समझौता कर इस छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बैठक के उपरांत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री तिवारी द्वारा नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को 12 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत, उसमें निराकृत किए जाने वाले प्रकरणों तथा सुलह-समझौते से मिलने वाले लाभों की जानकारी प्रदान करेगा। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत अंजनी नंदन जोशी, जिला न्यायाधीशगण जितेन्द्र कुमार पाराशर, दिलीप सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सुनयना श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती नमिता बोरासी, व्यवहार न्यायाधीशगण श्रीमती प्रेमलता जितेन्द्र गोयल, कु. अनुष्का शर्मा, श्रीमती मोहिनी भदौरिया, श्रीमती नेहा ठाकुर, श्रीमती जयश्री आर्यन मेहरा सहित अन्य न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। तहसील मुख्यालय शुजालपुर के न्यायाधीशगण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए।

SMFG India Credit
SMFG INDIA CREDIT COMPANY LIMITED
कार्पोरेट कार्यालय: 11वीं मंजिल, स्टेलियन, एपरेश्वी 247, छत्रपतिशाहू शास्त्री मार्ग नवीन नगर सिकंदरी (पश्चिम), मुम्बई, महाराष्ट्र 400083

आधिपत्य की सूचना (अचल संपत्ति बाबद)

(अंतरण नियम 8 (1) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002)

1. यह कि अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय कॉर्पोरेट ट्रॉन अहोरी पार्क, टॉवर की पहली मंजिल, क्रमांक 111 महाट पुष्पावली रोड, पेवर, पेवोई- 600116, कॉर्पोरेट कार्यालय 11वीं मंजिल, स्त्री विंग, एपरेसी 247, छत्रपतिशाहू शास्त्री मार्ग नवीन नगर सिकंदरी (पश्चिम), मुम्बई, महाराष्ट्र 400083 के द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (क्रमांक 54 सन 2002) एवं अधिनियम के तहत धारा 13 (12) सहपठित नियम 3 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत शक्तियों को प्रयुक्त करते हुए दिनांक 13-12-2025 को कब्जेदार(रों) (1) एपरी. मोटर्स 4 तोलता रोड नवल बोर चौराहा, हाल्टिगत रोड, तलव उजैन, मध्यप्रदेश, 456665 एवं सभी क्रमांक 761 पैकी, प्लट क्र. 13, चारों क्रमांक 14, की पूर्व मध्य तलाव तालीस तलव हिल उजैन, 2. (2) **सैयद अकबर हुसैन** 0 तोलता रोड नवल बोर चौराहा, हाल्टिगत रोड, तलव उजैन, मध्यप्रदेश, 456665, (3). **होना हुसैन**- 13 मेवाडी कालोनी,तलव, उजैन, उजैन, मध्यप्रदेश, 456665, (4). **फुरकान हुसैन**-0 तोलता रोड नवल बोर चौराहा, हाल्टिगत रोड, तलव उजैन, मध्यप्रदेश, 456665 को दिनांक नोटिस जारी करते हुए उनसे **ऋण खाता** 216123131885214 के अंतर्गत दिनांक 8/12/2025 तक कथान्तित राशि की राशि रुपए 6044823/- **(रुपए सात लाख चवालीस हजार आठ सौ तेईस मात्र)** की नोटिस द्वारा की तारीख से 60 दिवस की अवधि में भुगतान करने को कहा था की यदि अधिनत नोटिस में वर्णित कथान्त राशि का भुगतान करने में विफल हो गए हैं। अतएव अधोहस्ताक्षरी को एतद्वारा सम्बन्धित जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा नियम वर्णित संपत्तियों का अधिपत्य की धारा 13 की उपधारा (4) सहपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत **दिनांक 07 सितंबर 2026 को भौतिक अधिपत्य** प्राप्त कर लिया है।

अहोरीगणों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को सामान्यरूप से सचेत किया जाता है कि वे निम्न वर्णित संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार नहीं करें। इस संपत्तियों के संबंध में किए गए किसी भी तरह के संव्यवहार पर एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड का **दिनांक: 8/12/2025** तक कथान्त निकाल रही राशि रुपए 6044823/- **(रुपए सात लाख चवालीस हजार आठ सौ तेईस मात्र)** एवं आगे की अवधि का ब्याज चोटी हुए प्रभार होगा।

अहोरीगण का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) में प्रतिभूत आस्ति का बकाया राशि का भुगतान कर वापस प्राप्त करने हेतु उपलब्ध समय अवधि की तरफ भी आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

संपत्ति क्रमांक 1- सर्वे क्रमांक 760 पैकी, प्लॉट क्र. 72, की भूमि कस्बा तराना तहसील तराना जिला उज्जैन, क्षेत्रफल 800वर्गफीट चतुर्सीमा :- पूर्व : शेरू पिता रजाजान का मकान, पश्चिम : अब्दुल सत्तार शाहा का मकान, उत्तर : जयराम चापला की भूमि, दक्षिण: मालरोड़ो तराना रोड

तिथि : 07/09/2026
स्थान : उज्जैन

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कम्पनी लिमिटेड

SYLPH INDUSTRIES LIMITED
(FORMERLY KNOWN AS SYLPH TECHNOLOGIES LIMITED)

सिल्फ इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड

CIN:L 36100MP 1992PLC 007102

रजिस्टर्ड ऑफिस: जी-2 सांदीपेन अपार्टमेंट, 576 एम.जी. रोड, इंदौर, 452001
कॉर्पोरेट ऑफिस: टी एस 318, सागर कॉम्प्लेक्स, नानदा कॉम्प्लेक्स के सामने, सागर,
आमनबार-380015, गुजरात, भारत। ईमेल: Sylph.l@yahoo.com
मोबाइल नंबर: 9825039755, 9977700223 –वेबसाइट: www.sylphtechnologies.com

34वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) और रिमोट ई-वोटिंग की सूचना

सूचित किया जाता है कि सिल्फ इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जिस पहले सिल्फ टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के सदस्यों की 34वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 को दोपहर 12:00 बजे (भारत) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के जरिए आयोजित की जाएगी।

कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें वार्षिक साधारण सभा बुलाने की सूचना भी शामिल है, उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी गई है जिनकी ईमेल आईडी डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स/कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, **Purva Sharegistry (India) Pvt. Ltd.** के पास रजिस्टर्ड है। वार्षिक साधारण सभा की सूचना में प्रस्तावित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा भी दी जा रही है।

कंपनी अधिनियम2013 तथा सुधार नियमों के नियम संख्या 20 सेबी (लिस्टिंग डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशंस, 2015 के विनियम 44 के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को 05 सितंबर, 2026 को प्रेषित वार्षिक साधारण सभा की सूचना में दिए गए सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक साधन से मतदान करने हेतु रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा हेतु कंपनी ने **Central Depository Services Limited (CDSL)** द्वारा प्रदान की गई रिमोट ई-वोटिंग सेवाओं को ले रही है। वोटिंग प्रक्रिया की विस्तृत और पारदर्शी तरीके से संपादित करने के लिए डिस्क्लिमर बोर्ड नियुक्त किया गया है। वोटिंग का समय शुक्रवार, 26 सितंबर, 2026 को सुबह 9:00 बजे (भारत) शुरू होगा और सोमवार, 28 सितंबर, 2026 को शाम 5:00 बजे (भारत) समाप्त होगा। इस दौरान, कंपनी के वे सदस्य जिनका नाम कट-ऑफ तारीख (यानी मंगलवार, 22 सितंबर, 2026) को सदस्यों/बेनिफिशियल ओनर्स के रजिस्टर में है, वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। एक बार सदस्य द्वारा प्रस्तावों पर वोट डालने के बाद, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके बाद CDSL द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को बंद कर दिया जाएगा।

कोई भी व्यक्ति जो वार्षिक रिपोर्ट भेजे जाने/डिस्पैच होने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और जिसका नाम कट-ऑफ तारीख को स्टार्स/डिपॉजिटरीज ऑनर्स के रजिस्टर में आता है, वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के जरिए वार्षिक साधारण सभा में शामिल हो सकता है, वोटिंग और वार्षिक रिपोर्ट की कॉपी पाने के लिए कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस या **RTA**, पूर्वा शेयर रजिस्ट्री (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को अपना यूनिक नंबर (DP-ID/क्लाइंट आईडी फोलियो हुए अनुरोध भेज सकता है। सदस्यों से अनुरोध है कि रिमोट ई-वोटिंग के लिए यूनिक आईडी और पासवर्ड पाने के लिए वार्षिक साधारण सभा के नोटिस में दिए गए निर्देशों का पालन करें।

जो सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालते हैं, उन्हें वार्षिक साधारण सभा में वीसा/ओ वोट देने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, ऐसे सदस्य ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट दिया है, वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') या अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के जरिए वार्षिक साधारण सभा में शामिल हो सकता है। वार्षिक साधारण सभा की सूचना कंपनी की वेबसाइट **www.sylphtechnologies.com** और CDSL की वेबसाइट **www.cdslindia.com** पर उपलब्ध है। ई-वोटिंग से जुड़े सवालों/शिकायतों के समाधान में, आप evoting@cdslindia.com पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले सवालों ('एफएक्यू') और ई-वोटिंग मैनुअल को देख सकते हैं, या ई-वोटिंग के बारे में किसी भी जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए CDSL के हेल्पडेस्क नंबर 1800225533 पर संपर्क कर सकते हैं।

स्थान: इंदौर
दिनांक: 07 सितंबर, 2026

संचालक मंडल के आदेश से
सिल्फ इंडस्ट्री लिमि.
सुनील अमरचंद काला डायरेक्टर
DIN: 08296976